# इराक में दूतावास पर ईरान समर्थकों का हमला

**धमकी**

बगदाद स्थित दूतावास पर हमले के बाद ट्रंप ने ईरान को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी थी

## हालात पर नजर रखने के लिए माइक पॉम्पियो ने रद्द किया 4 देशों का दौरा



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो इराक की मौजूदा परिस्थितियों पर नजर रखने की जरूरत देखते हुए यूक्रेन और चार अन्य देशों का अपना दौरा रद्द कर दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, विभाग के प्रवक्ता मोर्गन ओर्टागस ने कहा कि इराक की मौजूदा परिस्थिति पर निगरानी जारी रखने के लिए वाशिंगटन में ही मौजूद रहने की जरूरत को देखते हुए विदेश मंत्री पोम्पियो को यूक्रेन, बेलारूस, कजाकिस्तान, उजबेकिस्तान और साइप्रस के दौरे स्थगित करने होंगे।

**पहम्पियो ने रद्द किया 5 दिन का दौराः** अमेरिकी हमले में हश्द शाबी के सदस्यों के मारे जाने के विरोध में बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास पर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया। इसके अगले दिन पोम्पियो के कार्यक्रम में बदलाव किया गया। इस घटना के बाद अमेरिका को मध्य एशिया में अतिरिक्त सैनिकों को भेजना पड़ा। पॉम्पियो का पांच दिवसीय दौरा शुक्रवार को यूक्रेन की राजधानी कीव से शुरू होने वाला था, जहां वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने वाले थे।

**इराक में अमेरिकी दूतावास पर हमलाः** इराक में अमेरिकी दूतावास पर ईरान समर्थक प्रदर्शनकारियों के घुसने, आगजनी करने और अमेरिका की हत्या के नारे लगाने के बाद अमेरिका ने सैकड़ों और सैनिकों को पश्चिम एशिया भेजने का निर्णय किया है। प्रदर्शनकारी रविवार को हुए अमेरिकी हवाई हमलों का विरोध कर रहे थे, जिसमें कताइब हिजबुल्लाह (हिजबुल्ला ब्रिगेड) के कट्टरपंथी गुट के कम से कम 25 लड़ाके मारे गए थे। अमेरिका ने इस गुट पर अमेरिकी ठेकेदार की हत्या का आरोप लगाया है।

**अमेरिका ने बगदाद रवाना किए अपने सैनिकः** अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने मंगलवार को कहा था कि 82वीं एयरबोर्न डिवीजन की त्वरित प्रतिक्रिया इकाई के करीब 750 सैनिकों को अगले कुछ दिनों में भेजने की तैयारी है। उन्होंने कहा, 'यह तैनाती अमेरिकी कर्मियों और प्रतिष्ठानों पर बढ़ते खतरों (जैसा कि आज बगदाद में हुआ) के बाद उचित और एहतियाती कदम हैं।'

मंगलवार को हुए हमले के बाद दूतावास की सुरक्षा कड़ी करने के लिए अमेरिका ने नौसैनिकों के एक त्वरित प्रतिक्रिया दल को वहां पहले ही रवाना कर दिया था। इससे पहले ट्रम्प ने दूतावास पर हुए हमले के लिए तेहरान को जिम्मेदार ठहराया था और अमेरिकियों की हत्या के दुष्परिणाम झेलने की धमकी दी थी।

## न्यूज डायरी



### इंडोनेशिया की राजधानी में नए साल का जश्न मातम में बदला, बाढ़ में 16 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में भीषण बाढ़ के कारण नए साल का जश्न गम में तब्दील हो गया। मॉनसून और उफनती नदियों के कारण कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और हजारों अन्य लोग विस्थापित हो गए। बाढ़ के कारण एक हवाईअड्डे को बंद करना पड़ा। राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी के प्रवक्ता अगुस विबोवो ने गुरुवार को बताया कि मॉनसून की बारिश और उफनती नदियों की वजह से कम से कम 169 इलाके जलमग्न हो गए। जकार्ता के बाहरी जिलों बोगोर एवं दीपोक जिलों में भूस्खलन हुआ। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। एजेंसी की ओर से जारी विडियो और तस्वीरों में पानी में तैरती कारें दिखाई दे रही हैं। विबोवो ने बताया कि बाढ़ के कारण हजारों घर और इमारतें डूब गईं और प्राधिकारियों को बिजली और जलापूर्ति रोकनी पड़ी।

### ऑरलैंडो नाइट क्लब में नए साल की पार्टी के दौरान गोलीबारी, 2 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑरलैंडो। नए साल के दिन फ्लोरिडा के एक क्लब में हो रहे जश्न के दौरान एक बंदूकधारी की गोलीबारी में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मीडिया में आई खबरों के अनुसार गोलीबारी के चलते वहां मौजूद 250 लोगों में भगदड़ मच गई। ऑरेंज काउंटी शेरिफ कार्यालय के अधिकारी ओरलैंडो के उत्तर में स्थित एक क्लब में तड़के चार बजे हुई गोलीबारी के बाद घटनास्थल से फरार एक संदिग्ध की तलाश कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल पर सुरक्षाकर्मी मौजूद थे लेकिन प्रतीत होता है कि जब गोलीबारी हुई तब वे बाहर थे।

### आईएस ने रूस में पुलिसकर्मियों पर हुए जानलेवा हमले की जिम्मेदार ली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस में एक पुलिस चौकी पर हमला करने वाले दो लोग जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) के लड़ाके हैं। आईएस की प्रचार एजेंसी अमाक ने यह दावा किया है। स्थानीय सरकार के अनुसार हमलावरों ने मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे इंगशेतिया क्षेत्र के मगास शहर के बाहर एक कार से यातायात पुलिस की चौकी को टक्कर मारी और फिर पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला कर दिया। अमाक ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आईएस के दो लड़ाकों ने दो अधिकारियों की हत्या की और अन्य को घायल कर दिया। इंगशेतिया क्षेत्रीय सरकार और स्थानीय जांचकर्ताओं ने कहा कि एक अधिकारी की हमले में मौत हो गई। हालांकि दूसरे अधिकारी की मौत के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हमलावरों की पहचान मशहूर पहलवान अहमद इमागोजेव और मिकाइल मिजिएव के रूप में हुई है। दोनों रूसी नागरिक हैं और इंगशेतिया के रहने वाले थे।

### ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में आग के बाद लोगों को प्रभावित क्षेत्र से निकलने के निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया में सरकार ने न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया प्रांतों में जंगलों में लगी आग को देखते हुए आपात स्थिति घोषित करते हुए सड़कों को बंद कर दिया है और निवासियों, पर्यटकों को वहां से निकाला जा रहा है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब शनिवार तक आग के और फैलने की आशंका प्रकट की गयी है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर देश के दक्षिण–पूर्व हिस्से में भीषण आग लग गयी और कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी तथा छुट्टियां मनाने पहुंचे कई लोग वहां फंस गए। न्यू साउथ वेल्स सरकार ने बृहस्पतिवार को शुक्रवार से एक सप्ताह के लिए आपात स्थिति की घोषणा की। इसका मतलब है कि लोगों को प्रभावित इलाकों से निकाला जाएगा और सड़कों को बंद कर दिया गया है। शनिवार तक आग के और भीषण हो जाने की आशंका है। प्रशासन ने लोगों से प्रभावित इलाकों से खुद निकल सकने की स्थिति में वहां से दूसरे स्थानों पर जाने की अपील की है। इसके साथ ही ग्रामीण दमकल सेवा विभाग भी सप्ताहांत पर मुश्किल हालात से निपटने की तैयारी में जुटा है।

## इमरान सरकार की सुको से अपील, बाजवा के सेवा विस्तार से जुड़ा आदेश लें वापस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकिस्तान। पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को देश की सर्वोच्च अदालत से सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा का कार्यकाल बढ़ाने के मामले में नवंबर में दिए गए आदेश पर रोक लगाने की अपील की।

प्रधानमंत्री इमरान खान ने 19 अगस्त को अधिसूचना जारी कर बाजवा को सेवा विस्तार दिया था। हालांकि अदालत ने सरकार के उस आदेश में अनियमितताओं का हवाला देते हुए उस पर रोक लगा दी थी। बाजवा को इमरान का करीबी माना जाता है।

सरकार ने अपनी याचिका में अदालत से उसकी अपील को स्वीकार करने और 28 नवंबर 2019 के आदेश को स्थगित करने या रोक लगाने की अपील की। जियो न्यूज की खबर के अनुसार इस चर्चित मामले में सरकार की ओर से दायर की गई यह दूसरी याचिका है।

अदालत ने 28 नवंबर को बाजवा (59) का कार्यकाल कुछ शर्तों के साथ छह महीने के लिए बढ़ा दिया था, जिससे पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) सरकार असहज स्थिति में आ गई। इस फैसले को लेकर शक्तिशाली सेना और न्यायपालिका आमने–सामने आ गए थे।



7 दिन का आपातकाल, 4000 पर्यटक लौटाए गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑस्ट्रेलिया। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने पर्यटकों को आगाह किया है कि तेज हवा चलने के कारण जंगलों में लगी आग फैल सकती है। इसके साथ ही सरकार ने दक्षिण–पूर्वी क्षेत्र में मौजूद हजारों पर्यटकों को 48 घंटे के भीतर क्षेत्र खाली करने का आदेश दिया है। न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया राज्य के जंगलों में लगी आग ने घरों को तबाह कर दिया और इसके कारण हजारों लोग तथा पर्यटक तटीय क्षेत्र की ओर जाने पर मजबूर हो गए। सोमवार से जंगल की आग की वजह से सात लोगों की मौत हो चुकी है। न्यू साउथ वेल्स ने 7 दिनों के आपातकाल का ऐलान किया है।

## 2019 में विमान हादसों मे मरने वालों की संख्या 2018 के मुकाबले आधी रही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

फ्रैंकफर्ट। विश्व भर में विभिन्न हवाई दुर्घटनाओं में 2019 में मरनेवालों की संख्या 2018 के मुकाबले लगभग आधी रही। उड्डयन क्षेत्र से जुड़ी एक कंसल्टिंग कंपनी टीओ70 ने बुधवार को बताया कि 2019 में आठ बड़ी हवाई दुर्घटनाओं में 257 लोगों की मौत हुई। 2018 में 13 दुर्घटनाओं में 534 लोगों की मौत हुई थी। विमान बेक एयर फोक्कर 100 पिछले शुक्रवार को कजाकिस्तान से उड़ान भरने के कुछ देर के बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें 12 लोगों की मौत हो गई थी। **पिछले साल इथियोपिया विमान**



**दुर्घटना रहा सबसे भयानक हादसाः** 2019 में सबसे भयानक हादसा इथियोपिया एयरलाइन के बोइंग 737 मैक्स के साथ हुआ। यह दुर्घटना 10 मार्च को हुई और इसमें 157 लोगों की मौत हुई। कंसल्टिंग कंपनी टीओ70 ने रिपोर्ट में बताया है कि 2018 और 2019 में हुई दुर्घटनाओं के बाद से बोइंग 737 मैक्स का परिचालन कई देशों ने बंद कर दिया था।

**2017 में विमान हादसों में सिर्फ 13 लोगों की मौत**

इन दुर्घटनाओं ने ये सवाल पैदा कर दिए कि उड्डयन से जुड़े अधिकारियों ने पुरानी प्रणालियों से बनाई गई उड्डयन तकनीक को कैसे मंजूरी दी और अब नई प्रणाली के लिए पायलटों को कितना प्रशिक्षण देने की जरूरत है। कंपनी ने कहा कि बोइंग 737 मैक्स को उम्मीद है कि दोबारा 2020 में उसे उड़ान भरने की मंजूरी मिल जाएगी।

भले ही 2019 में हवाई हादसे कम हुए हों लेकिन वह 2017 के ऐतिहासिक आंकड़ों से पीछे ही रह गई। 2017 में सिर्फ दो हादसे हुए थे जिसमें 13 लोगों की मौत हुई थी।

## नरवणे की चेतावनी पर बोला पाक, हम शांति की दिशा में दे रहे योगदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने भारत के नए आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे के उस बयान को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने पाक को आतंक फैलाने की हरकत न रोकने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इसने साथ ही दावा किया बालाकोट स्ट्राइक के बाद इसने भारतीय सेना को कड़ी चुनौती थी। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड को पनाह देने वाले पाक ने आगे यहां तक दावा किया कि उसका देश शांति की दिशा में काम कर रहा है। नरवणे ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा था कि अगर पाक अपनी जमीन से प्रायोजित होने वाले आतंकवाद को नहीं रोकता है तो भारत के पास एहतियातन आतंकी अड्डों पर हमले करने का अधिकार है। उधर, जनरल नरवणे के बयान पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम पीओके में एलओसी की तरफ से भारत के एहतियातन कदम उठाने के भारत के नए आर्मी चीफ के बयान को खारिज करते हैं। पाक विदेश मंत्रालय यहीं नहीं रुका और गीदड़भभकी देते हुए कहा, भारत के किसी भी आक्रामक कदम को नाकाम करने के लिए पाकिस्तान के संकल्प और तत्परता को लेकर कोई संदेह नहीं रहना चाहिए।